न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नागौर

बइजलास श्री परसाराम आर.ए.एस

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 51/2011

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
खंगाराम पुत्र गिरधारीराम जाति मेघवाल निवासी मांझवास तहसील व जिला नागौर।		राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार नागौर।

प्रार्थना पत्र वास्ते रेकर्ड दुरूस्ती

प्रार्थना पत्र अधीन धारा 136 राज. ले. रे. एक्ट

आदेश

दिनांक :– 18.05.2017

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर इश्तदुआ की कि, प्रार्थी के कब्जा काश्त सहखातेदारी की भूमि हाल खसरा नम्बर 446/131 रकबा 15 बीघा 18 बिस्वा, खसरा नम्बर 131 रकबा 07 बिस्वा भूमि वाके सरहद मौजा मांझवास तहसील नागौर में स्थित है, नकल खतौनी साथ पेश है।

यह है कि, प्रार्थी का सही नाम खंगाराम है मगर उक्त खेताय के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का गलती से नाम नथाराम दर्ज कर दिया जबकि प्रार्थी का सही नाम खंगाराम है। प्रार्थी को उक्त त्रुटि की कोई जानकारी नहीं रही थी अब प्रार्थी को खतौनी की आवश्यकता होने पर खतौनी नकल दिनांक 13.12.2016 को प्राप्त करने पर इस त्रुटि व गलत इन्द्राजी की जानकारी हुई जिससे प्रार्थी के सही नाम की दुरूस्ती हेतु यह प्रार्थना पत्र उक्त प्रावधान के तहत पेश करना आवश्यक हुआ है।

यह है कि, प्रार्थी के अन्य दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र, राजस्थान सरकार द्वारा जारी परिवार राशन कार्ड, भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड, आदि सभी सरकारी दस्तावेजो में प्रार्थी सही नाम खंगाराम पुत्र गिरधारीराम ही दर्ज है इस बाबत ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र भी साथ पेश है व राजस्व रेकर्ड खतौनी में गलती से नथाराम पुत्र गिरधारीराम दर्ज हो रखा है जो एक सद्‌भाविक त्रुटि व भूल है इसलिए उक्त खसरान की खतौनी में प्रार्थी का सही नाम खंगाराम दर्ज करवाना अति आवश्यक हो जाने से इस हेतु यह प्रार्थना पत्र पेश है।

पत्रावली अटल सेवा केन्द्र कैम्प कोर्ट झाडीसरा में पेश हुई। पटवारी हल्का से फर्द मौका रिपोर्ट ली गई। प्रार्थी खंगाराम एवं गवाह खींयाराम जाट के बयान लिये गये। मजमे आम में पूछताछ की तो सरपंच ग्राम पंचायत झाडीसरा ने बताया कि प्रार्थी खंगाराम का नाम राजस्व रिकॉर्ड में नथाराम गलत दर्ज कर दिया जबकि नथाराम पुत्र गिरधारीराम जाति मेघवाल के नाम का कोई व्यक्ति इस ग्राम में नही है।

प्रार्थी ने वाद के समर्थन में अपना शपथ पत्र 50/– रूपये के स्टाम्प पर प्रस्तुत किया गया एवं दस्तावेजी साक्ष्य में आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, पहचान पत्र

सहायक कलक्टर
(SDO), नागौर

खंगाराम बनाम सरकार

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 51/2011

भारत निर्वाचन आयोग की फोटो प्रतियां पेश की एवं हल्का पटवारी से फर्द मौका रिपोर्ट ली गई।

उपरोक्त सभी दस्तावेजात से प्रार्थी के प्रार्थना पत्र की ताईद होती है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। ग्राम मांझवास तहसील नागौर स्थित हाल खसरा नम्बर 446/131 रकबा 15 बीघा 18 बिस्वा एवं खसरा नम्बर 131 रकबा 7 बिस्वा में दर्ज सहखातेदार नथाराम की जगह खंगाराम पुत्र गिरधारीराम दुरूस्त किया जाता है। आदेश की पालना में तहसीलदार नागौर को लिखा जावे।

उपखण्ड अधिकारी,
नागौर

आदेश आज दिनांक 18.05.2017 को अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत झाडीसरा मे मजमेआम मे लिखवाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी,
नागौर